**उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण,**
4th फ्लोर, राजीव गाँधी बहुउद्देश्यीय कॉम्पलैक्स, डिस्पेन्सरी रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड
**email- uhudauk@gmail.com** टेलीफैक्स: 0135–2719500

पत्रांक: 975 /उडा–02/2014 (1) दिनांक: 26.11.2021

**<u>सूचना–प्रतिनियुक्ति</u>**

राज्य विकास प्राधिकरण में प्रशासनिक अधिकारी 01, प्रधान सहायक 01, वरिष्ठ सहायक 01, सहायक लेखाधिकारी 01, लेखकार 01, नायब तहसीलदार 01 एवं लेखपाल 01 कुल 07 पदों को 'प्रतिनियुक्ति' के आधार पर भरे जाने हेतु शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं स्वायत्तशासी विभागों/निगमों में कार्यरत कार्मिकों से पंजीकृत डाक के माध्यम से **उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून के कार्यालय में दिनांकः 13 दिसम्बर, 2021 तक निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** विस्तृत जानकारी **www.uhuda.org.in** से प्राप्त की जा सकती है। इस संबंध में भविष्य में सभी सूचनायें भी उक्त बेवसाइट पर उपलब्ध रहेंगी।

**–मुख्य प्रशासक**

दूरभाष / फै0 : 0135–2719500

# उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण

राजीव गाँधी बहुउद्देशीय कॉम्पलैक्स, डिस्पेन्सरी रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड

Website- www.uhuda.org.in E-mail– uhudauk@gmail.com

पत्रांकः 975 / उडा–02 / 2014(1) दिनांकः 26 नवम्बर, 2021

आवास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–2104 / V–2–2017–53(आ0) / 2014, दिनांकः 15 दिसम्बर, 2017 के द्वारा उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण के मुख्यालय के ढाँचे में विभिन्न संवर्गों के 69 पदों का सृजन किया गया है। स्वीकृत ढाँचे के सापेक्ष राज्य प्राधिकरण में निम्नवत् पदों पर 'प्रतिनियुक्ति' के आधार पर तैनात किये जाने हेतु शासकीय, अर्द्ध शासकीय एवं स्वायत्तशासी विभागों में कार्यरत अर्ह / पात्र कार्मिकों से उनके नियुक्ति अधिकारी के माध्यम से पंजीकृत डाक के माध्यम से उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण देहरादून के कार्यालय में दिनांकः 13 दिसम्बर, 2021 तक निर्धारित प्रपत्र में निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैंः–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | वेतनमान | पदों की संख्या | सेवा शर्तें |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रशासनिक अधिकारी | 9300–34800+4600 | 01 | अन्य विभागों में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत |
| 2 | प्रधान सहायक | 9300–34800+4200 | 01 | अन्य विभागों में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत |
| 3 | वरिष्ठ सहायक | 5200–20200+2800 | 01 | अन्य विभागों में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत |
| 4 | सहायक लेखाधिकारी | 9300–34800+4600 | 01 | अन्य विभागों में सहायक लेखाधिकारी के पद पर कार्यरत |
| 5 | लेखाकार | 9300–34800+4200 | 01 | अन्य विभागों में लेखाकार के पद पर कार्यरत |
| 6 | नायब तहसीलदार | 9300–34800+4200 | 01 | अन्य विभागों में नायब तहसीलदार के पद पर कार्यरत |
| 7 | लेखपाल | 5200–20200+2800 | 01 | अन्य विभागों में लेखपाल के पद पर कार्यरत |

1. प्रतिनियुक्ति की अवधि 03 वर्ष अथवा नियमित अभ्यर्थी की नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो।
2. संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संतोषजनक सेवा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।
3. प्रतिनियुक्ति हेतु संबंधित कार्मिक द्वारा अपने मूल विभाग के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया जायेगा।
4. चयनित अभ्यर्थी को प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के आदेश निर्गत होने की तिथि से अधिकतम एक माह के भीतर कार्यभार ग्रहण करना होगा।
5. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार न किया जाए।

**प्रक्रियाः**–

**(1)** राज्य में प्रवृत्त आरक्षण के विद्यमान नियमों को दृष्टिगत् रखते हुए प्रतिनियुक्ति के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के समस्त शासकीय विभागों एवं निगमों में कार्यरत अर्ह/पात्र अभियन्ताओं से प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर साक्षात्कार द्वारा चयन की कार्यवाही सम्पादित की जाएगी।

**(2)** सम्यक् रूप से पूर्ण प्राप्त आवेदन पत्रों को ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।

**(3)** आवेदन पत्र में यह स्वप्रमाणित कथन दिया जाना अनिवार्य होगा कि आवेदक के विरुद्ध पूर्व में न तो कोई दण्डादेश पारित हुआ है और न कोई अनुशासनात्मक अथवा सतर्कता कार्यवाही लम्बित है।

**(4)** नियोक्ता अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं दण्डित न होने और कोई अनुशासनिक एवं सतर्कता कार्यवाही लम्बित न होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही नियुक्ति की जाएगी।

**(5)** चयनित अभ्यर्थियों को उपरोक्तलिखित वेतनमान के अनुसार शासकीय कार्मिकों के समान वेतन एवं भत्ते अनुमान्य होंगे परन्तु उसका वेतन अपने पैतृक विभाग में मौलिक पद पर प्राप्त वेतन से कम नहीं होगा।

**(6)** लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम लिखना आवश्यक है।

**मुख्य प्रशासक**
**उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण, देहरादून।**

<u>**उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण में 'प्रतिनियुक्ति' के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र**</u>

**आवेदित पद का नाम–**.............................................................................................................

स्वप्रमाणित
नवीनतम चित्र
यहां चिपकायें

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में).....................................................................................
   (अंग्रेजी में)...................................................................................................................
2. लिंग (पुरूष / महिला)........................................................................................................
3. पिता / पति का नाम–.........................................................................................................
4. जन्म तिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार).................................................................
5. जाति–.............................................................................................................................
6. पताः–
   (अ) स्थायी पता...............................................................................................................
   .........................................................................................................................................
   (ब) पत्रचार का पता..........................................................................................................
   .........................................................................................................................................
   (स) मोबाईल नम्बर.........................................................ई–मेल–.......................................
7. कार्यालय का नाम (जहां वर्तमान में कार्यरत् हैं)–.......................................................................
8. सम्बन्धित विभाग में पद पर नियुक्ति की तिथि–.......................................................
9. कार्यानुभव–

| क्र0सं0 | कार्यालय / विभाग का विवरण | पदनाम | वेतनमान | सेवा अवधि |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. प्राप्त कुल परिलब्धियाँ वेतन ग्रेड वेतन एवं अन्य भत्तों का पृथक–पृथक उल्लेखः–
    (कृपया अन्तिम वेतन आहरण पर्ची संलग्न करें)

---

---

11. अन्य विवरण–..........................................................................................................................................

12. संलग्नकों की संख्या–......................................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**

**(हस्ताक्षर मोहर सहित)**
**सक्षम अधिकारी/नियोक्ता की संस्तुति।**

**<u>घोषणा</u>**

मैं........................................................एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त समस्त प्रविष्टियाँ मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है तथा कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। मेरे सभी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छाया प्रतियां साक्षात्कार के समय उपलब्ध करा दी जायेगी। किसी तथ्य के असत्य पाये जाने पर उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण को आवेदन पत्र निरस्त करने/सेवा बिना किसी सूचना के समाप्त करने का अधिकार होगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा।

दिनांकः , 2021

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**